ऑल यूनियन्स एंड एसोसिएशन्स ऑफ BSNL (AUAB)

No: UA/2020/15 **07.12.2020**

सर्क्युलर

प्रति

AUAB के घटकों के सभी महासचिव,

प्रिय कॉमरेड्स,

AUAB की ऑनलाइन मीटिंग 05 दिसंबर, 2020 को सम्पन्न हुई। मीटिंग दोपहर 3.00 बजे शुरू हुई। मीटिंग में निम्नानुसार उपस्थिति रही।

BSNLEU:	Com. P. Abhimanyu, GS, BSNLEU & Convenor and Com. Swapan Chakraborty, Dy. GS
SNEA:	Com. K.Sebastin, GS.
AIBSNLEA:	Com. S. Sivakumar, GS.
FNTO:	Com. K. Jayaprakash, GS.
BSNL MS:	Com. Suresh Kumar, GS.
SNATTA:	Com. Suresh Kumar, GS.
BSNL OA:	Com. H.P.Singh, GS.

कॉम सी सिंह, चेयरमैन, AUAB ने पूर्व निर्धारित निजी व्यस्तताओं के चलते मीटिंग में उपस्थिति हेतु अपनी असमर्थता व्यक्त की। अतः, कॉम के सेबेस्टिन, GS, SNEA, ने मीटिंग की अध्यक्षता की।

कॉम के सेबेस्टिन ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में निम्न विचार प्रस्तुत किए। “BSNL पर चौतरफा प्रहार हो रहे हैं। यदि हम एकजुट नही रहे तो BSNL की रक्षा करना बेहद मुश्किल होगा। इससे पूर्व भी, केवल कर्मचारियों ने ही अपने संघर्षों के माध्यम से BSNL की रक्षा की है, न की मैनेजमेंट ने। AUAB द्वारा उन सभी यूनियन्स और एसोसिएशन्स, जो कि AUAB में शामिल नही है, को एकजुटता के साथ कार्यवाही आयोजित करने के लिए AUAB में शामिल होने हेतु पत्र लिखा जा चुका है। यदि वें सकारात्मक कदम बढ़ाते हैं, तो हम उनका स्वागत करेंगे।"

कॉम पी अभिमन्यु, कन्वेनर ने सभी का स्वागत किया और मीटिंग का एजेंडा प्रस्तुत किया। एजेंडा के मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसका विवरण निम्नानुसार है।

BSNL की 4G सेवाओं की शुरुआत में अत्याधिक विलम्ब :
4G सेवाएं शुरू किए बगैर BSNL 2 वर्ष से अधिक नही चल पाएगा। अभी भी, MNP अनुपात 1:4 का है। यूपी (ईस्ट) में MNP अनुपात 1:8 है। ये परिस्थितियां दर्शाती है कि, हमारी शंकाएं (apprehensions) सही साबित हुई हैं। एम्पॉवर्ड टेक्नोलॉजी ग्रुप (ETG), जिसके प्रमुख प्रिंसिपल साइंटिफिक एडवाइजर (PSA) हैं, ने मेंबर (T) की अध्यक्षता में DoT कमिटी की, कोर इक्विपमेंट्स डोमेस्टिक (देशी) वेंडर्स से ही प्राप्त किए जाने की नीति को अनुमोदित कर दिया है।

अतः, AUAB ने निर्णय लिया कि निम्न मांग करते हुए माननीय प्रधानमंत्री और माननीय संचार मंत्री को लिखा जाए :-

(a) "मेक इन इंडिया" पॉलिसी के नाम पर BSNL और प्राइवेट ऑपरेटर्स के बीच किसी भी प्रकार का भेदभाव नही होना चाहिए और केवल BSNL को ही देशी उपकरण प्राप्ति के लिए बाध्य नही किया जाए।

(b) 49,300 अपग्रेड किए जाने योग्य BTS में से 13,300 BTS M/s नोकिया द्वारा व 36,000 BTS, M/s ZTE द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं। ये सभी 2G और 3G BTS, 4G अनुकूल (compatible) हैं। सरकार ने चीनी कंपनियों से उपकरण खरीदी पर भले ही रोक लगा दी हो, किन्तु पूर्व में स्थापित चीनी उपकरण अभी भी कार्य कर ही रहे हैं। यही स्थिति प्राइवेट ऑपरेटर्स की भी है। इन परिस्थितियों में, BSNL को अपने सभी 2G और 3G BTS को 4G BTS में अपग्रेड कर 4G सेवाएं शुरू करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

(c) BSNL की 4G सेवा की शुरुआत में अन्य की तुलना में 4 वर्ष की देरी हो चुकी है और कैबिनेट कमिटी के 4G स्पेक्ट्रम आवंटन किए जाने के निर्णय के बाद भी एक वर्ष बीत चुका है। चूंकि यह देरी सरकार की नीति के चलते हुई है, BSNL की यथोचित रूप से नुकसान भरपाई (compensate) की जानी चाहिए।

(d) फेज 8.4 एक्सपांशन हेतु M/s नोकिया-L1 द्वारा उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। इस टेंडर के माध्यम से "एड ऑन परचेस ऑर्डर" के जरिए 4G BTS प्राप्त किए जा सकते हैं। अतः, सरकार द्वारा फेज 8.4 टेंडर से BSNL को 4G BTS प्राप्ति की अनुमति दी जानी चाहिए। यह जानना महत्वपूर्ण है कि DoT कमिटी, जिसके प्रमुख मेंबर (टेक्नोलॉजी) है, ने भी इसकी अनुशंसा की है।

सब्सिडियरी टॉवर कंपनी :
मीटिंग में इस तथ्य का संज्ञान लिया गया कि सब्सिडियरी टॉवर कंपनी को कुछ गैर प्रमुख (non-core) कार्य करने के लिए क्रियाशील (operational) किया गया है, जिसके लिए तर्क दिया गया है कि इन कार्यों से प्राप्त राजस्व AGR में शामिल नही होगा। मीटिंग ने निर्णय लिया कि, AUAB द्वारा सरकार और BSNL मैनेजमेंट को चेतावनी देते हुए लिखा जाए कि BSNL के टॉवर्स सब्सिडियरी टॉवर कंपनी को सौंपने, इसे संयुक्त उद्यम (Joint Venture) में परिवर्तित करने या विनिवेशीकरण करने के BSNL मैनेजमेंट या सरकार के किसी भी प्रयास से संघर्षपूर्ण स्थिति निर्मित होगी।

कार्यों की आउटसोर्सिंग और सेवाओं की गुणवत्ता में गिरावट:
BSNL मैनेजमेंट ने लैंडलाइन, OFC और ब्रॉडबैंड कनेक्शन्स के मैंटेनन्स से संबंधित कार्यों की आउटसोर्सिंग की है। कार्यों की आउटसोर्सिंग की वजह से सेवा की गुणवत्ता का ह्रास हुआ है। फलस्वरूप, बड़ी संख्या में लैंडलाइन और ब्रॉडबैंड कनेक्शन्स कट रहे हैं। साथ ही, बड़ी तादाद में कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स की छंटनी की वजह से सेवा की गुणवत्ता बेहद विपरीत रूप से प्रभावित हो रही है। यह निर्णय लिया गया कि AUAB द्वारा इस संबंध में सुधार हेतु योग्य कार्यवाही किए जाने की मांग करते हुए पत्र लिखा जाए।

धन्यवाद,

आपका ही,

पी अभिमन्यु,
कन्वेनर, AUAB